Series : ABCD4/3

SET – 2

प्रश्न–पत्र कोड **2/3/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में 7 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

*

हिन्दी (आधार)
HINDI (Core)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्न–पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।

*(ii) इस प्रश्न–पत्र में **दो** खंड हैं । **खंड–क** और **खंड–ख** ।*

*(iii) इस प्रश्न–पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

खंड – क

(कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन) (20)

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से **किसी एक** शीर्षक का चयन कर लगभग **200** शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : **1 × 5 = 5**
   - कितना कुछ देती है प्रकृति
   - जब अचानक भू–स्खलन हुआ
   - मोबाइल खेलों की बढ़ती लत

2. (a) आपके पैतृक गाँव में उच्च शिक्षण–संस्थानों की कमी है । किसी प्रमुख हिंदी समाचार–पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षण–संस्थानों के अभाव का उल्लेख कीजिए और उन क्षेत्रों में उच्च शिक्षण संस्थान खोलने का सुझाव दीजिए । **5**

अथवा

(b) आप अपने घर के पास स्थित मॉल में खरीददारी करने गए । खरीददारी करने के उपरांत आपने पाया कि आपकी स्कूटी निर्धारित स्थान पर नहीं है । थाना जाने पर आपकी शिकायत भी नहीं लिखी गई । पूरी जानकारी देते हुए क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त/अधीक्षक को पत्र लिखिए । **5**

*

3. (i) (a) समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय, उपयोगी और बुनियादी शैली कौन सी है ? उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **3**

अथवा

(b) विशेष लेखन से क्या अभिप्राय है ? इसकी भाषा शैली संबंधी विशेषताओं का आधार क्या होता है और क्यों ? **3**

(ii) (a) बीट रिपोर्टर बनने के लिए क्या–क्या तैयारियाँ करनी पड़ती हैं ? उदाहरण सहित समझाइए । **2**

अथवा

(b) नए एवं अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से आप क्या समझते हैं ? यह एक चुनौती कैसे है ? **2**

4. (i) (a) कहानी और नाटक में क्या अंतर है ? दोनों के मूल तत्त्वों की समानता बताते हुए अंतर स्पष्ट कीजिए । **3**

अथवा

(b) कहानी के पात्रों को नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार प्रभावशाली बनाया जा सकता है ? उदाहरण सहित लिखिए । **3**

(ii) (a) रेडियो नाटक के लिए किन तीन मुख्य बातों का विचार करना चाहिए और क्यों ? **2**

अथवा

(b) रेडियो नाटक का लेखन सिनेमा और रंगमंच के लेखन से भिन्न कैसे है ? **2**

खंड – ख

(पाठ्य–पुस्तक और अनुपूरक पाठ्य–पुस्तक) (20)

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(2 × 3 = 6)**

(i) 'उषा' कविता में 'भोर के नभ' की तुलना किससे की गई है और क्यों ? **3**

(ii) 'लक्ष्मण–मूर्च्छा और राम का विलाप' प्रसंग में संकलित चौपाइयों के आधार पर राम का लक्ष्मण के प्रति प्रेम–भाव का वर्णन कीजिए । **3**

(iii) फिराक की रुबाइयों के आधार पर घर–आँगन में दीवाली और राखी के दृश्य–बिंब को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए । **3**

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(3 × 3 = 9)**

(i) 'पहलवान की ढोलक' कहानी प्राचीन लोक–कलाओं के धीरे–धीरे विलुप्त होने के दर्द का वर्णन करती है । कैसे ? पाठ के आधार पर लिखिए । **3**

(ii) 'नमक' कहानी के आधार पर बताइए कि सफ़िया और उसके भाई के विचारों में क्या अंतर है ? और क्यों ? **3**

(iii) डॉ. आंबेडकर ने आर्थिक असमानता से भी अधिक हानिकारक किसे और क्यों माना है ? 'श्रम–विभाजन और जाति–प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए । **3**

(iv) 'श्रम–विभाजन और जाति–प्रथा' पाठ के आधार पर बताइए कि मनुष्य को पेशा बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? पेशा बदलने की स्वतंत्रता न होने से क्या परिणाम होता है ? **3**

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 + 2 = 5)**

(i) (a) उन तथ्यों का उल्लेख कीजिए जो लेखक की इस मान्यता की पुष्टि करते हैं कि "सिंधु घाटी सभ्यता समृद्ध थी परंतु उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था" । **3**

अथवा

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' पिछले 50 वर्षों में विश्व में सबसे अधिक पढ़ी गई पुस्तकों में से एक है । इस डायरी में ऐसी क्या विशेषताएँ हैं ? लिखिए । **3**

(ii) (a) 'मुअन जो–दड़ो' के बड़े घरों में छोटे कमरे होने का क्या कारण था ? **2**

अथवा

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' उसकी निज़ी भावनात्मक उथल–पुथल का दस्तावेज भी है । इस कथन की विवेचना कीजिए । **2**